प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
31.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 10:45बजे

मतगणना

प्रदेश में जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्यों और चार नगर निगमों धर्मशाला, पालमपुर, मंडी और सोलन में हुए चुनाव के मतों की गणना जारी है। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतगणना के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। जिला कांगड़ा के 54 जिला परिषद वार्डों के लिए डाले गए मतों की गिनती जिले के 18 ब्लॉक मुख्यालयों में स्थापित मतगणना केंद्रों पर की जाएगी। इसी दौरान जिला परिषद व ब्लॉक समिति सदस्यों के चुनाव परिणाम भी घोषित किए जाएंगे।

*जिला कांगड़ा के 54 जिला परिषद वार्डों के लिए डाले गए मतों की गिनती जिले के 18 ब्लॉक मुख्यालयों में स्थापित मतगणना केंद्रों पर की जाएगी। इसी दौरान ब्लॉक समिति सदस्यों के चुनाव परिणाम भी घोषित किए जाएंगे। वहीं, नगर निगम धर्मशाला और नगर निगम पालमपुर के चुनावों की मतगणना भी सुबह 9 बजे से आरंभ होगी। पालमपुर नगर निगम की मतगणना विक्रम बत्रा कॉलेज में होगी, जबकि धर्मशाला नगर निगम की मतगणना पीजी कॉलेज धर्मशाला में होगी। दोनों नगर निगमों में मतदान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से हुआ था, इसलिए मतगणना भी ईवीएम के जरिए ही करवाई जाएगी। प्रशासन ने इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली हैं। मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी मतगणना केंद्रों पर डबल टियर सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ केंद्रों में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सघन जांच (फ्रिस्किंग) की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मतगणना केंद्रों के भीतर मोबाइल फोन, वीडियो कैमरा तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। केवल अधिकृत अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रत्याशियों और उनके अधिकृत मतगणना अभिकर्ताओं को ही निर्धारित नियमों के तहत प्रवेश दिया जाएगा।*

धर्मशाला नगर निगम–चुनाव

इस बीच नगर निगमों के चुनाव परिणाम आने शुरू हो गए। धर्मशाला नगर निगम के कुल 17 वार्डों में 11 के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। इनमें 6 सीटें भाजपा तथा 4 पर वार्डों में कांग्रेस के उम्मीदवार विजयी हुए हैं। जबकि एक में निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है। वार्ड नम्बर एक में भाजपा की रेखा देवी ने कांग्रेस की हिमांशी, वार्ड नम्बर 2 में भाजपा के शमशेर सिंह ने कांग्रेस के ओंकार चंद को, वार्ड नम्बर 3 में भाजपा की आशा देवी ने कांग्रेस की सुर्दशना देवी को पराजित किया। वार्ड नम्बर 4 कांग्रेस की नीनू शर्मा तथा वार्ड नम्बर 5 में कांग्रेस की शैलजा विजयी घोषित किए गए हैं। वार्ड नम्बर 6 में भाजपा की करिश्मा, वार्ड नम्बर 7 में भाजपा की आशु, वार्ड नम्बर 8 में भाजपा की प्ररेणा ने जीत दर्ज की है। वार्ड नम्बर 9 में आजाद प्रत्याशी जबकि वार्ड नम्बर 10 में कांग्रेस की प्रत्याशी सुदेश शास्त्री ने जीत दर्ज की है, वार्ड नम्बर 11 में कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग विजयी घोषित किए गए है।

नगर निगम मंडी

नगर निगम मंडी के कुल 14 वार्डों में 10 के नतीजे आ गए हैं। जिनमें 8 में भाजपा तथा एक वार्ड में कांग्रेस तथा एक निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से कुछ देर बाद 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी के द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

प्राकृतिक खेती

प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने तथा मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से कल से 15 जून तक प्रदेशभर में 'खेत बचाओ अभियान' चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जिला किन्नौर में भी कृषि विभाग तथा आत्मा परियोजना के माध्यम से विभिन्न जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

*परियोजना निदेशक, डॉ. रमेश लाल ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता तथा जैविक गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इसका प्रतिकूल प्रभाव पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती एक टिकाऊ और पर्यावरण–अनुकूल कृषि पद्धति है, जो स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक कृषि ज्ञान पर आधारित है तथा खेती की लागत कम करने के साथ भूमि की गुणवत्ता सुधारने में भी सहायक है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जिले की विभिन्न पंचायतों और कृषि क्षेत्रों में किसान जागरूकता शिविर, प्रशिक्षण कार्यक्रम, खेत प्रदर्शन और समूह चर्चाओं का आयोजन किया जाएगा।*

हिमकेयर योजना

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कल देर सायं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमकेयर योजना के तहत लंबित भुगतान को चुकाने के लिए 100 करोड़ रुपये जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को उनके घर के निकट बेहतर और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके दृष्टिगत पिछले साढ़े तीन वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में कई सुधार किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटीज चमियाणा, आईजीएमसी शिमला और टांडा चिकित्सा महाविद्यालय में आधुनिक ऑटोमेटेड लैब स्थापित करने के लिए 75 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। इन प्रयोगशालाओं में खून के एक ही नमूने से कई तरह की जांच की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इन प्रयोगशालाओं में उपकरणों और टांडा व हमीरपुर चिकित्सा महाविद्यालय में पीईटी स्कैन मशीनों की खरीद के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीद पर तीन हजार करोड़ रुपये खर्च कर रही है।

विश्व तंबाकू दिवस

आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस है। इस का उदेश्य तंबाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान दिलाना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 1987 से विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कल नई दिल्ली में तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान ऐप के प्रायोगिक संस्करण का शुभारंभ किया। इस डिजिटल एप्लिकेशन का उद्देश्य देश भर के स्कूलों और कॉलेजों को

तंबाकू मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग, आघात और श्वसन संबंधी बीमारियों का कारण बनता है। सचिव ने बताया कि देश भर में अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, आयुष संस्थानों और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं में दो हजार से अधिक तंबाकू मुक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं।

चंबा–दुर्घटना

चंबा जिले के बैरागढ़–पांगी वाया साच पास मार्ग पर एक पर्यटक वाहन के गहरी खाई में गिरने से आठ लोगों की मृत्यु हो गई। इसमें 7 पर्यटक व एक चालक शामिल है। बेंगलुरु के ये सैलानी 29 मई को पर्यटन स्थल डलहौजी से साच पास बर्फ देखने निकले थे। अचानक कालाबन के पास उनका वाहन गहरी खाई में जा गिरा। उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने बताया कि इस दुर्घटना का पता 30 मई को लगा और दुर्गम इलाके में पुलिस और राहत दल का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। उन्होंने कहा की पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त उपायुक्त चंबा मौके पर मौजूद हैं और राहत व बचाव कार्यों को संपन्न करवाया जा रहा है।

———————————————